सत्यमेव जयते

**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**
**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज्यपाल ने हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर समस्त मीडिया प्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।**

**राजभवन नैनीताल 29 मई, 2025**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर समस्त मीडिया प्रतिनिधियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की है।

पूर्व संध्या में जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता ने न केवल स्वतंत्रता संग्राम की चेतना जगाई, बल्कि आज भी लोकतंत्र की मजबूती के लिए एक सजग प्रहरी की भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का क्षेत्र आज डिजिटल माध्यमों से और अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड जैसे पर्वतीय राज्य में पत्रकार अनेक विषम परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा से सूचना संप्रेषण का कार्य कर रहे हैं, जो अत्यंत सराहनीय है। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि हिन्दी पत्रकारिता समाज में सकारात्मक परिवर्तन का वाहक बनती रहेगी और भावी पीढ़ी को संवेदनशील तथा जिम्मेदार नागरिक बनाने में सहयोग करती रहेगी।

............0...........